an>

Title: Need to install FM Radio station in Amreli Parliamentary Constituency.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली) : सभापति महोदया, मैं अपने क्षेत्र अमरेली जिले की एक महत्वपूर्ण मांग की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। आज के आधुनिक युग में नयी-नयी तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है, जिससे लोग हाईटेक हो रहे हैं, परन्तु अमरेली अभी भी ऐसी तकनीक से दूर है। अमरेली में एफएम रेडियो स्टेशन न होने के कारण किसान एवं जन साधारण अनेक आवश्यक सूचनाओं से वंचित रह जाते हैं। उन्हें आसानी से आवश्यक सूचनाएं नहीं मिल पाती हैं।

महोदया, एफएम रेडियो स्टेशन संचार प्रसारण का सबसे सस्ता और सुलभ साधन है। अमरेली जिले को हमेशा यूपीए सरकार द्वारा सौतेले व्यवहार को सामना करना पड़ता है। यहां न तो बड़ा अस्पताल है, न ही रेलवे की उत्तम व्यवस्था है और न ही केन्द्रीय विद्यालय है। यह शहर अनेक प्रकार की मूलभूत सुविधाओं की मार वर्षों से झेल रहा है। वर्तमान में अमरेली जिले में जो 100 वोल्ट का दूरदर्शन केन्द्र है, उसका अपग्रेडेशन करके उसे 500 वोल्ट का कर दिया गया है, लेकिन दूरदर्शन केन्द्र

बनाने के लिए बड़े भवन की आवश्यकता है।

महोदया, इसी के साथ ही एफएम रेडियो के लिए भी ट्रांसमीटर लगा दिये जायें, तो अमरेली शहर के लोगों को एफएम रेडियो की सुविधा मिल सकती है। राजकोट में एफएम रेडियो स्टेशन है लेकिन अमरेली शहर राजकोट से 120 किलोमीटर दूर होने के कारण वहां एफएम रेडियो नहीं पकड़ता, क्योंकि यह 10 किलोमीटर तक ही सीमित रहता है। अमरेली जिले में एफएम की सुविधा मिलनी चाहिए जिससे 10 किलोमीटर के नजदीक सभी गांवों को भी इसकी सुविधा मिल सके।

अंत में, मैं आपके माध्यम से संबंधित मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि मेरे डिस्ट्रिक्ट अमरेली को जल्द से जल्द एफएम रेडियो की सुविधा मिले। बहुत-बहुत धन्यवाद।